# स्टाफिंग पैटर्न वापस, हड़ताल खत्म

## दिन भर चला हाई वोल्टेज ड्रामा, कर्मचारियों की बैठक में उभरे मतभेद

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** स्टाफिंग पैटर्न वापसी के आदेश के बाद मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने सोमवार को हड़ताल खत्म कर दी। दिन भर चले हाई वोल्टेज ड्रामा के दौरान कर्मचारियों की आपस में बहस भी हुई।

सोमवार को जनरल हाउस की बैठक में कर्मचारियों में मतभेद उभर आए। आखिर में हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। लेकिन शाम को डीएसओ कार्यालय में राजस्व कर्मचारी महासंघ की बैठक में मिनिस्ट्रीयल कार्मिक मुद्दा लेकर पहुंचे तो प्रशासन को लगा कि हड़ताल का दूसरे संगठन समर्थन न कर दें। लेखपाल और दूसरे घटकों के हड़ताल पर जाने के अंदेशे से डीएम ने स्टाफिंग पैटर्न वापस ले लिया। इसकी सूचना मिलते ही कर्मचारियों ने बैठक में अपना मुद्दा नहीं रखा। संघ के प्रांतीय जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने कहा कि वे स्टाफिंग पैटर्न के विरोध में हड़ताल पर थे। डीएम ने आदेश वापस ले लिया तो हड़ताल समाप्त हो गई।

### पेशकार हड़ताल पर, डीएम बैठे कोर्ट में

**देहरादून।** कलेक्ट्रेट में पहली बार बिना पेशकार के डीएम ने कोर्ट ली और 67 मामले देखे। इस दौरान तीन मामलों पर बहस हुई और तीन मामलों का निस्तारण किया गया। डीएम ने कोर्ट में 37 मामले राजस्व और 27 मामले फौजदारी के देखे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराई कि कलेक्ट्रेट में फाइलें दबी रहती हैं। इससे दूसरे कोर्ट में वादों के निस्तारण में दिक्कत आती है। डीएम तीन घंटे तक कोर्ट में बैठे। इस दौरान हड़ताल पर बैठे पेशकार उलझन में रहे।

कलेक्ट्रेट की व्यवस्था बनाने में स्टाफिंग पैटर्न का नाम आ गया था। इसी पर कर्मचारी एतराज कर रहे थे। राजस्व आयुक्त का पत्र भी इसी संबंध में आया था। पत्र का जवाब राजस्व आयुक्त को भेजा है। इस संबंध में राजस्व आयुक्त से जो निर्णय आएगा उसी लिहाज से काम होगा। सिर्फ स्टाफिंग पैटर्न के संबंध में आदेश किया है, बाकी सारी व्यवस्था वही रहेगी। - **चंद्रेश कुमार यादव**, जिलाधिकारी

### लेकिन कई पेंच अब भी बाकी

**देहरादून।** जिस तबादला आदेश से मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों के आंदोलन का मामला गरमाया था वह पेंच फंसा हुआ है। डीएम ने स्टाफिंग पैटर्न वापस लेने की घोषणा की है, तबादले निरस्त होने की नहीं। लेकिन कर्मचारी नेता कह रहे हैं कि स्टाफिंग पैटर्न के साथ तबादले का आदेश निरस्त हो गया है। उत्तरांचल मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार का कहना है कि तबादला आदेश स्टाफिंग पैटर्न से ही संबंधित है। स्टाफिंग पैटर्न वापस होते ही तबादला आदेश निरस्त हो जाएगा। तबादला आदेश में नए पदनाम कर दिए गए थे। डीएम का कहना है कि कर्मचारियों को जो नए पटल दिए गए हैं, मंगलवार से वे वहीं पर काम करेंगे। कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों का कहना है कि आंदोलन में कन्फ्यूजन रहा है। जिस स्टाफिंग पैटर्न का विरोध हो रहा था, वह लागू नहीं हुआ है। कार्मिकों में नाराजगी तबादले से थी। इस संबंध में कोई बात ही नहीं हुई।

# दो शिफ्टों में रजिस्ट्री पर भड़के अधिवक्ता

## आज रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** दून बार एसोसिएशन ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री का काम दो शिफ्टों में रात नौ बजे तक किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। एसोसिएशन के सचिव रघुवीर सिंह कठैत ने कहा कि इसके विरोध में मंगलवार को रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार किया जाएगा।

एसोसिएशन सचिव ने कहा कि शासनादेश के अनुसार जिस दिन रजिस्ट्री होती है उसी दिन शाम को रजिस्ट्री मिल जानी चाहिए। लेकिन इस काम में फिलहाल 25 दिन का समय लग रहा है। वहीं अब दो शिफ्ट सुबह सात से दुपहर दो बजे और दो बजे से रात नौ बजे तक रजिस्ट्री का काम होगा। ऐसा हुआ तो वकीलों को देर रात तक कार्यालय में बैठना होगा। देर रात रजिस्ट्री होने से आपराधिक घटनाओं का भी डर रहेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आनलाइन रजिस्ट्री की तैयारी की जा रही है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

**अधिवक्ताओं ने आनलाइन रजिस्ट्री का किया विरोध**

रहें अपडेट क्लिक करें dehradun.amarujala.com

# आंदोलन समाप्त कराने का जिम्मा मुख्य सचिव को

**देहरादून।** सचिवालय समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी संघ के आंदोलन को समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आला अफसरों को बुलाकर मंथन किया। सीएम ने इस कार्य के निस्तारण के लिए मुख्य सचिव को अधिकृत कर दिया है। सीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि जो बात मानने लायक है, उसे मान लिया जाए और जो कायदे कानून के दायरे से बाहर है, उस पर विचार ना किया जाए। अब मुख्य सचिव ने मंगलवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे अपने दफ्तर में वरिष्ठ अफसरों की बैठक बुलाई है। बैठक में होने वाले निर्णय से संघ के पदाधिकारियों को भी अवगत करा दिया जाएगा।

# पेयजल कर्मियों का धरना स्थगित

**देहरादून।** राजकीयकरण की मांग पर चल रहा जल संस्थान कर्मचारी संघ का धरना सोमवार को दसवें दिन स्थगित कर दिया गया। कर्मचारियों से वार्ता के दौरान पेयजल मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने तीन माह के भीतर पेयजल निगम और जल संस्थान को एकीकृत कर राजकीयकरण का भरोसा दिया। मंत्री ने फोन पर अपर मुख्य सचिव एस राजू को इस संबंध में सभी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कहा। **ब्यूरो**

# सामूहिक अवकाश पर रहे शिक्षक

## डीईओ कार्यालय में किया प्रदर्शन, स्कूलों में लटके ताले

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** दुर्गम में तैनात शिक्षकों की वरिष्ठता सूची बनाकर सुगम में तबादले सहित नौ सूत्री मांगों के समर्थन में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहे। शिक्षकों ने डीईओ कार्यालय में प्रदर्शन कर धरना दिया। मांगें पूरी न होने पर शिक्षकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी। शिक्षकों के सामूहिक अवकाश के कारण स्कूलों पर ताले लटके रहे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कृषाली ने आरोप लगाया कि विभाग शिक्षकों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रहा है। प्रदर्शन करने वालों में जिला मंत्री रुक्मणी भदोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष कुकरेती, जिला संरक्षक सुरेश पाल, दिवाकर सजवाण, नीलम बिष्ट, नीलिमा नेगी, सुधीर कुमार, पार्वती जोशी आदि शामिल थे।

**प्रमुख मांगें**

- दुर्गम में तैनात शिक्षकों के सुगम स्कूलों में तबादले
- स्कूलों के कोटिकरण को ठीक किया जाए
- एसएसए के शिक्षकों को समय पर वेतन दिया जाए
- बंद स्कूलों को चलाने के लिए शिक्षकों की उसी स्कूल में स्थायी तैनाती
- सहायक अध्यापकों की प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति की जाए।

### 29 मृतक आश्रितों को मूल डिपो तबादला

**देहरादून।** देहरादून मंडल में तैनात मृतक आश्रितों को उनके मूल डिपो में भेज दिया गया है। इस संबंध में परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार संत ने सोमवार को आदेश जारी किया। पहली सूची में 29 कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। इन कर्मचारियों को नैनीताल और टनकपुर क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाएगा।

### 25 से वाहन चालकों की हड़ताल

**देहरादून।** राजकीय वाहन चालक महासंघ ने 25 अगस्त से आंदोलन की चेतावनी दी है। लोनिवि संघ भवन में सोमवार को हुई बैठक में जिला मंत्री संदीप कुमार ने आरोप लगाया कि राजकीय वाहन चालकों का वेतन मान लिपिक की भांति अपग्रेड नहीं किया गया। इस दौरान महासंघ के जिला अध्यक्ष सुखराम यादव, जिला मंत्री संदीप कुमार मौर्य, अनंतराम शर्मा, जलागम से गीता राम पेटवाल, जय प्रकाश संयुक्त मंत्री आदि मौजूद रहे।

### कर्मियों के परिजन देंगे धरना




**देहरादून।** ओएनजीसी अस्पताल से निकाले गए कर्मियों के धरनास्थल पर चौथे दिन भी कोई अधिकारी सुध लेने नहीं आया। नाराज कर्मचारियों ने अब मंगलवार से धरने पर परिजनों को भी बिठाने का निर्णय किया है। आरोप लगाया कि पीड़ित संविदा कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा।

### आठ से आंदोलन की चेतावनी

**देहरादून।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने पेयजल निगम के एमडी भजन सिंह को ज्ञापन सौंपकर आठ अगस्त से आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ के अध्यक्ष एके चतुर्वेदी ने कहा कि आठ अगस्त को पेयजल निगम मुख्यालय पर स्थानांतरण आदेशों, गोपनीय प्रतिवेदन के आदेश तथा कनिष्ठ अभियंताओं के लिए कृत ग्रेड-पे संबंधी शासनादेशों की प्रतियों की होली जलाई जाएगी। इसके बाद मुख्यालय पर ही धरना दिया जाएगा। महामंत्री अरूण रावत ने कहा कि पौड़ी के अधिशासी अभियंता के स्थानांतरण की जगह कनिष्ठ अभियंताओं के स्थानांतरण कर दिए गए। कहा कि किसी का एक से दो साल में ही तबादला कर दिया गया तो कोई 22 वर्षो बाद भी एक ही स्थान पर डटा है। **ब्यूरो**

### सोलंकी जिलाध्यक्ष, पुंडीर मंत्री निर्वाचित



**देहरादून।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अनंत कुमार सोलंकी और जिला मंत्री पद पर रघुवीर सिंह पुंडीर की ताजपोशी हुई। अग्रवाल धर्मशाला में हुए चुनाव में 626 शिक्षकों ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर अनंत कुमार सोलंकी को 335 और रविंद्र सिंह पुंडीर को 264 मत मिले। वहीं, जिला मंत्री पद पर रघुवीर सिंह पुंडीर को 339 और उमेश चौहान को 262 मत मिले। कुल 27 मत निरस्त हुए। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनंत कुमार सोलंकी ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

### वेतन न मिलने पर संविदा कर्मी नाराज

**मसूरी।** राजकीय चिकित्सालय आवासीय परिसर मसूरी में डाट्स में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को पिछले छह महीने से वेतन नही मिला। आक्रोशित कर्मचारियों ने आंदोलन की धमकी दी है। टीबी नियंत्रण कर्मचारी कल्याण एसोसियेशन के पदाधिकारियों की एक आपात बैठक मसूरी में हुई। इसमें डाट्स में संविदा पर काम रहे कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर नाराजगी जताई। प्रांतीय अध्यक्ष सूर्यकांत पैन्यूली ने कहा कि बार-बार उच्चाधिकारियों को इस बावत अवगत कराया गया कि संविदा कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन नहीं मिला है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र ही कर्मचारियों को वेतन नही दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी। बैठक में महासचिव राजेश आर्य, राम गोविंद भट्ट, प्रमोद भट्ट आदि मौजूद थे।

### संविदा शिक्षकों ने विधायक को घेरा



**देहरादून।** पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षकों का सेवा विस्तार की मांग को लेकर आमरण अनशन सोमवार सातवें दिन भी जारी रहा। शिक्षकों ने सोमवार विधायक राजकुमार का घिराव किया। विधायक हिंदी भवन में एक कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। शिक्षकों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। इस पर विधायक ने धरना स्थल पर जाकर अनशनकारियों की वार्ता सीएम से कराने का आश्वासन दिया। घिराव करने वालों में अध्यक्ष सर्वेश चौधरी, नरेश पाठक, मोहिनी, पूनम आदि शामिल थे।

### सचिवालय में अब चार घंटे का कार्य बहिष्कार

**देहरादून।** समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी संघ ने सोमवार से चार घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। सोमवार को सुबह दस से दोपहर दो बजे तक जारी रहे कार्य बहिष्कार का कामकाज पर असर भी दिखा। हालांकि मुख्य सचिव सुभाष कुमार ने पदाधिकारियों से बात की। लेकिन संघ ने अंतिम निर्णय होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। सुबह लगभग साढ़े दस बजे एटीएम चौक पर एकत्र होकर संघ के सदस्यों ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया।

### प्रमोशन कोटा बहाल करने की मांग

**देहरादून।** नायब तहसीलदार के लिए प्रमोशन कोटा बहाल करने की मांग को लेकर राजस्व संग्रह अमीनों का कार्य बहिष्कार चौथे दिन भी जारी रहा। कार्य बहिष्कार पर गए संग्रह अमीनों ने परेड ग्राउंड में प्रदर्शन कर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार उनकी मांग से सहमत है, इसके बावजूद शासनादेश जारी नहीं किया जा रहा है।

### सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप



**देहरादून।** आउटसोर्सिंग कार्मिक संघ ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए शिक्षा निदेशालय में प्रदर्शन कर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने चुनाव के बाद उनकी मांगों पर अमल का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक मांगों पर अमल नहीं किया गया। जिससे स्कूलों में नियुक्त लैब और कार्यालय सहायक पिछले चार महीने से बेरोजगार हैं।

### पुलिस ने रुकवाया अवैध निर्माण

**मसूरी।** रविवार सुबह लाइब्रेरी स्थित अमानिया मस्जिद में बतौर किराएदार रह रहे असलम ने मस्जिद और वक्फ के पदाधिकारियों की अनुमित के बिना ही छत पर दीवार लगानी शुरू कर दी। इस पर अध्यक्ष जावेद खान, सचिव मोहम्मद यासीन, कलीम कुरैशी किरायेदार से काम बंद करने को कहा। इस बात को लेकर कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ता देख मस्जिद के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सूचना दी। मौके पर प्रभारी कोतवाल एस खोलिया ने काम बंद करवाया।

### वैधानिक सूचना

**पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन पर भरोसा करने के पहले उसकी सत्यता और विश्वसनीयता परख लें। विज्ञापन के तथ्यों या दावों के प्रति किसी प्रकार की जवाबदेही समाचार पत्र की नहीं है। अमर उजाला में प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को किसी तरह की क्षति होती है तो इसके लिए समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**


SILVERCITY 4 Screen Multiplex
MOVIE TICKET ALL SHOWS @ JUST ₹100 *T&C Apply (MONDAY to WEDNESDAY)
DISCOUNT DAY THURSDAY ₹75

| | |
|---|---|
| Kick | 10:00AM,11:00AM,12:00PM,12:50PM,1:50PM,2:50PM 3:40PM,4:45PM,6:30PM,7:30PM,8;10PM,9:20PM,10:20PM |
| Hercules (3D) Hindi | 10:00AM,4:15PM |
| Hercules (3D) Eng | 2:10PM,8:30PM |
| 22 Jump Street (Eng) | 12:00PM,6:15PM,10:30PM |
| Humpty Sharma Ki Dulhania | 5:40PM,10:55PM |

TELE BOOKING 0135-3298800 Buy ticket online at: www.silvercitymultiplex.com
FOR LATEST MOVIE SCHEDULE :- Give Missed Call at 09870223306
https://www.facebook.com/silvercitydehradun

अमर उजाला SHOPPER'S CHOICE

Allied Auto Agencies
MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
EXIDE INDUSTRIAL
"Now run load of 1050 VA on a single battery without any humming sound with latest technology"
62, Gandhi Road, Dehradun 0135-2623474

SUNDAY FLIGHT
FLIGHTS | HOLIDAYS | HOTEL | VISA | BUS
Thomas Cook Auth. Agent
Enjoy Bali & Singapore for 06 Night / 07 Days
Contact : SUNDAY FLIGHT PVT. LTD.
4/2, E.C. Road, Dehradun, e-mail : travel@sundayflight.com
Tel No.: +91-0135-2744040 - 50, 7500662345
* T&C Apply

NUETECH India's Fastest Growing Solar Company Since 1992
आओ पछवादून को सोलर सिटी बनाएं
- सोलर LED स्ट्रीट लाईट
- इलैक्ट्रिक LED स्ट्रीट लाईट 12 Watt, 20 Watt, 50 Watt
- LED बल्ब
- सोलर होम लाईट
- सोलर इनवर्टर
- सोलर से संबंधित समस्त उपकरण की रिपेयरिंग
MNRE Approved Brand
सम्पर्क करें - राना ट्रेडर्स
सेंटमेरी कान्वेट स्कूल, बाईपास, रोड, विकासनगर, देहरादून मो. 8979407593, 9456771467

GROUPE SEB No. 1 in The World
MAHARAJA WHITELINE Life gets easier A Group SEB Company
Water Heater Range Start Rs. 3999/- Available Here
KENT Health Care PRODUCTS Special Offer Rs. 15800/-
71, Ansari Marg, Kalika Mata Mandir, Dehradun 8650050001

LUMINOUS Inverter + 150 AH Battery मात्र 10,800/-*
EXIDE Battery होलसेल रेट पर उपलब्ध
FINANCE AVAILABLE
KENT Health Care PRODUCTS HOUSE of PURITY मात्र 13,500/-
Aqua Fress मात्र 5,990/-
*T&C APPLY
Auth. Dealer & Distributor:- SALES & SERVICE
Shiv Shakti Enterprises Mob.: 98977 44010
LG VOLTAS SAMSUNG SONY IFB Panasonic

amarujala.com

अमर उजाला ShoppingMart

देहरादून में भवन निर्माण मैटीरियल सहित
1250/- प्रति वर्ग फीट
कोठी, ड्यूप्लैक्स, होस्टल आदि सम्पूर्ण कार्य
990/- (कवर्ड एरिया प्रत्येक तल)
काम्पलेक्स, स्कूल व कामर्शियल निर्माण
तुरन्त सम्पर्क करें-
अग्रवाल कन्स्ट्रक्शन कम्पनी, देहरादून
9897341201, 9897890993

Mountain Drops Paras
Packaged Drinking Water
Glass- 250 ml
Bottle- 300 ml, 1 ltr, 2 ltr, 5 ltr, 20 ltr (Jar)
SAI WATER SOLUTIONS
Village-Attampur Bongla, Bahadrabad, Distt.-Haridwar-249402
Uttarakhand, India. Phone : +91-7500900071, +91-7500400071
E-mail : rajjewellers0@gmail.com, customercare@saiwatersolutions.com
Website : www.saiwatersolutions.com
Distributor Enquiry Solicited, Please Contact- 7500900071, 7500500071

क्या आप अपने मकान के स्लोप छत में लगे खपरैल में लीकेज की वजह से परेशान हैं या नया निर्माण करने जा रहे हैं तो कृपया ध्यान दें
SAINT-GOBAIN DESIGNER ROOFING SHINGLESS
International Warranty के साथ विश्वस्तरीय प्रोडक्ट स्लोप छतों में खपरैल के साथ आने वाली लीकेज एवं मेन्टेनेन्स से हमेशा के लिये छुटकारा
लगवायें Composite Fiber Glass Shingles
- वारन्टी कम से कम 20 वर्ष से Life Time
- 100% वाटरप्रूफ (Zero Water Absorption)
- Fast Colour एवं अल्ट्रावायलेट Resistant
- Wind Resistance (Min 100 Km./Hr.)
- प्रदूषण का कोई प्रभाव नहीं - Zero मेन्टेनेन्स
- क्लास वन "A" फायर रेटिंग
- 15° से 85° तक स्लोप छत पर आसानी से लगाया जा सकता है।
- कंक्रीट एवं वूडन दोनो प्रकार की छत पर लगाया जा सकता है।
- Withstand temperature from - 40° to 90° C
HIGH SKY Sandhu Business Centre
Opp. Tata Motors, Transport Nagar, Dehradun
Ph.: 0135-6554445, 7895693111, 7895445111
Email : highsky.2909@gmail.com

अमर उजाला Medical Helpline
मेडिकल हैल्पलाइन से जुड़ने के लिए डॉक्टर्स सम्पर्क करें - 8392946231

PAL'S फिजियोथैरेपी क्लीनिक
Dr. Kuldeep Yadav M.P.T. (Neuro), MIAP
Mob: 999 777 5821
Back Pain | Neck/Shoulder Pain | Knee Pain | Tennis Elbow
दशमेश विहार, आमवाला तरला, (नजदीक शांति विहार चौक), रायपुर रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड व उत्तर भारत का सबसे विश्वसनीय व किफायती अस्पताल
श्री महन्त इन्दिरेश हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 750 बिस्तरों का अस्पताल)
ओ.पी.डी. सेवायें प्रातः 9.00 बजे से 3.00 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आपातकालीन सेवायें प्रतिदिन 24 घंटे उपलब्ध
पूछताछ : 0135-2522200/6672400
आपातकालीन : 0135-2522300/6672600
ब्लड बैंक : 0135-2522270
Email : smi.hospital@gmail.com Website : www.sgrrmc.com

Care Maternity & Surgical Center
कारगी, बन्जारावाला रोड, निकट दुर्गा माता मन्दिर, बन्जारावाला, देहरादून
डॉ. अरुणा सिंह (स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ) M.B.B.S., D.G.O.
- सम्पूर्ण स्त्री रोग परामर्श
- सामान्य डिलीवरी (बिना प्रसव पीड़ा के)
- छोटे व बड़े आप्रेशन (सिजेरियन) द्वारा डिलीवरी
- गर्भाशय के कैंसर, गंदा पानी, ढीलेपन की जांच एवं आप्रेशन द्वारा उपचार
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा
24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
Mob:-9997220532, 9760883385 न्यूनतम दरों में सर्वोत्तम इलाज

Care Maternity & Surgical Center
कारगी, बन्जारावाला रोड, निकट दुर्गा माता मन्दिर, बन्जारावाला, देहरादून
[SPINEX PAIN CLINIC]
डॉ. पंकज सागर (इंटरवेंशन पेन स्पेश्यलिस्ट) M.B.B.S., M.D.
- कमर दर्द एवं नसों के दर्द सम्बन्धी परामर्श
- नसों एवं जोड़ों के हर प्रकार के दर्द का उपचार
- डिस्क प्रोलैप्स स्लिप डिस्क एवं स्पौन्डेलाईटिस का उपचार
- माईग्रेन तथा अन्य सिर दर्द का उपचार
- सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण
24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
Mob:-9997807208, 9410540030 न्यूनतम दरों में सर्वोत्तम इलाज

अब एम्स प्रशिक्षित नेत्र विशेषज्ञ देहरादून में
डा. प्रीती नैथानी MD (AIIMS) FICO (UK) भैंगापन, बाल नेत्र रोग व ग्लूकोमा विशेषज्ञ
डा. प्रशान्त नैथानी MD (AIIMS) FRCS (Glasg.) रेटिना व सूक्ष्म (Micro incision) फेको विशेषज्ञ
एम.एम.नैथानी आई सैन्टर
67/4 प्रीतम रोड (दून इन्टरनेशनल स्कूल के सामने) डालनवाला, देहरादून।
0135-2718433, 8171125871

साइकोलॉजिकल क्लीनिक
काउन्सिलिंग, साइकोथेरेपी : डिप्रेशन, तनाव, चिंता, अनिद्रा, फोबिया, फैमिली काउन्सिलिंग, चाईल्ड काउन्सिलिंग, मैमोरी स्किल्स, हिप्नोथैरेपी, पास्टलाईफ रिग्रेशन थैरेपी
डॉ0 शोभिता जायसवाल
साइकोलॉजिस्ट :- रेसकोर्स, देहरादून
फोन नं0- 9319790462, 8954511565
Consultation by prior appointment